उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद
झाझरा, देहरादून।

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 2 अक्टूबर , 2022

मानसनीय राज्यपाल श्री भगत सिंह कोश्यारी जी के द्वारा "प्रगति से प्रकृति पथ तक" का शुभारम्भ

उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट) एवं हैस्को, देहरादून के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 2 अक्टूबर 2022 को "प्रगति से प्रकृति पथ तक" कार्यक्रम का आयोजन राजभवन मुम्बई में किया गया। इस अवसर पर "प्रगति से प्रकृति पथ तक" यात्रा का शुभारम्भ माननीय राज्यपाल श्री भगत सिंह कोश्यारी जी के द्वारा राजभवन, मुम्बई में ध्वज दिखाकर किया गया। इस अवसर पर हैस्को के संस्थापक पद्मभूषण डॉ0 अनिल प्रकाश जोशी जी एवं महानिदेशक यूकॉस्ट प्रो0 दुर्गेश पंत जी भी मुम्बई में उपस्थित थे।

इसी संदर्भ में आंचलिक विज्ञान केन्द्र, देहरादून के सभागार में "प्रगति से प्रकृति पथ तक" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ0 डी0 पी0 उनियाल, संयुक्त निदेशक यूकॉस्ट द्वारा इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि आमजन को प्रकृति के प्रति जागरूक करने के लिए पद्मभूषण डॉ0 अनिल प्रकाश जोशी जी द्वारा फाइनेंसियल राजधानी, मुम्बई से इकोलॉजिकल राजधानी उत्तराखण्ड तक दिनांक 2 अक्टूबर से 9 नवम्बर तक 40 दिन की यात्रा साइकिल के द्वारा की जायेगी। यह यात्रा प्रकृति के लिए लोगो को एक साथ जोडने की यात्रा है। सभी वर्ग की भागीदारी जुटाने की पहल है। इस अवसर पर कार्यक्रम में हैस्को के प्रतिनिधि श्री हरि चन्द जी, यूकॉस्ट एवं आंचलिक विज्ञान केन्द्र से श्री ओम प्रकाश रावत, श्री पंकज रावत, श्री देवेन्द्र सिंह, श्रीमती सोनिया भण्डारी, श्री नितिन कपिल, श्री गजपाल सिंह उपस्थित थे। इस अवसर पर गांधी जयन्ती एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती भी मनायी गयी। संयुक्त निदेशक डॉ0 डी0 पी0 उनियाल द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भूतपूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया एवं उपस्थित सभी लोगो द्वारा उनकी प्रतिमा को पुष्प अर्पित करके उनका नमन किया गया। साथ ही संयुक्त निदेशक महोदय द्वारा इस अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भूतपूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवन पर प्रकाश डाला एवं उनके द्वारा किये गये कार्यो के बारे में सभी को जानकारी दी गयी।

अमित पोखरियाल
प्रबन्धक जनसम्पर्क
यूकॉस्ट, देहरादून।